कोलकाता, शुक्रवार
27.12.2019

प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

स्पोर्ट्स

prabhatkhabar.com

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । सिलीगुड़ी । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित

आसनसोल प्रभात

प्रभात खबर
कोलकाता, शुक्रवार
27.12.2019 | 03

डीपीएस आसनसोल ने किया शीतकालीन कैंप का आयोजन

आसनसोल. दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों के लिए शीतकालीन कैंप का आयोजन किया गया. इस कैंप का आयोजन 21 से 25 दिसम्बर तक दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल द्वारा 'माउंटेन लवर्स एसोसिएशन' के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के नेतृत्व में 'बेरो हिल्स, पुरुलिया में किया गया. विंटर कैंप में बच्चों को व्यावहारिक जीवन में आने वाली विषम परिस्थितियों से जूझने, उनका सामना करने के गुर सिखाए गए. इसके अंतर्गत आयोजनकर्ताओं द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक चिकित्सा, रिवर क्रॉसिंग , लीड क्लाइम्बिंग , रैपलिंग तकनीकियां , रोप मैनेजमेंट , मल्टी पिच क्लाइम्बिंग तकनीकी, रूट सेलेक्शन आदि के विषय में छात्रों को जानकारी दी गई. इन गतिविधियों द्वारा छात्रों को कम से कम सुविधाओं में विषमतम परिस्थिति में भी जीवन जीने की कला सिखाई जाती है ताकि बच्चा जीवन की हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार हो सके और शारीरिक बलिष्ठता के साथ - साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ हो सके. कैंप के दौरान छात्रों को उपर्युक्त गतिविधियों में काम आने वाले उपकरणों के विषय में भी जानकारी दी गई ताकि छात्र उसका प्रयोग भली-भांति कर सके. दृश्य – श्रव्य कक्षाओं के द्वारा भी छात्रों को जानकारी दी गई. विद्यालय की ओर से क्रीड़ा शिक्षक रोहित प्रसाद यादव और अंग्रेजी भाषा शिक्षक रुद्रदीप सेनगुप्ता ने छात्रों का मार्गदर्शन किया. प्रधानाचार्य आर. डी. शर्मा ने कैंप की सफलता पर छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि कक्षा में दी गई शिक्षा को व्यावहारिक रूप देने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की बहुत आवश्यकता है. जब तक हम शिक्षा को जीवन में लागू नहीं करते तब तक यह मात्र अक्षर ज्ञान है. उन्होंने छात्रों को वर्ष में कम से कम एक बार इस प्रकार के कार्यक्रम का हिस्सा बनने का परामर्श दिया.